## सार-समाचार

### आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाया

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर राजस्थान सरकार द्वारा पूरे राजस्थान में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर 15 दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं पंचायत समिति मुख्यालय पर आयोजित किए जा रहे हैं। अनादरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन मुख्य अतिथि भाजपा अनादरा मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह देवडा के आतिथ्य एवं स्थानीय सरपंच गुलाब कंवर,पंचायत समिति सदस्य नरसाराम माली,पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कोली के विशिष्ट आतिथ्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया गया। भाजपा अनादरा मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह देवडा ने कहा कि शिविर में आयुष्मान भारत योजना,गर्भवती महिलाओं के लिए मां योजना,आभा कार्ड आदि बनाए जा रहे हैं जिससे आम जनता को बहुत लाभ पहुंच रहा है साथ ही गंभीर बीमारियों का वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा इलाज भी किया जा रहा है। शिविर के शुभारंभ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर दीपक मेघवाल एवं नर्सिंग अधिकारी विक्रम सिंह राणावत द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा पहनकर स्वागत अभिनंदन किया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपाराम चौधरी,मंडल महामंत्री केसाराम कोली, वरिष्ठ भाजपा नेता भीमाराम चौधरी, पूर्व कोषाध्यक्ष नाथूराम चौधरी, पंचायत समिति सदस्य नरसाराम माली,पूर्व सरपंच जमात सिंह, दलपतसिंह हडमतिया, नारायण सिंह,भूपेंद्र सिंह सोलंकी, राजेंद्र सिंह सोलंकी, कानाराम मेघवाल युवा मोर्चा जिला मंत्री लक्ष्मण कोली आदि अतिथि उपस्थित रहे। शिविर में डॉक्टर दीपक मेघवाल, डॉक्टर हिमांशु, नेत्र सहायक सुमन चौधरी, नर्सिंग अधिकारी विक्रम सिंह, अनिल परिहार,रवि कुमार, फार्मासिस्ट जगदीश कुमार, लैब टेक्नीशियन भूपेंद्र सैनी, लेब सहायक कुणाल कुमार, महिला स्वास्थ्य कर्मी संतोष, आरती, सोहनी विश्नोई आदि ने सेवा दी।

### दूसरी बार अध्यक्ष बने लखारा का स्वागत

**सायला,** (निसं)। जालोर विधानसभा के सायला मंडल अध्यक्ष पद पर नैनमल लखारा को दूसरी बार मनोनित करने पर मंगलवार को पुराना बस स्टेण्ड स्थित गणपति रिद्धि सिद्धी मंदिर में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष लखारा का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके अध्यक्ष लखारा ने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने उनके ऊपर दूसरी बार भरोसा जताया है। इससे पहले तीन साल मंडल अध्यक्ष रहे। जिसमें से दो साल विपक्ष में कार्य किया। जबकि पिछले एक साल से भाजपा की सरकार है। ऐसे में सायला मंडल के आमजन की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाकर समाधान करने एवं क्षेत्र के विकास का प्रयास करेंगे। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए सभी को साथ लेकर चलते हुए कार्य करेंगे। कार्यक्रम को भाजपा नेता मुकुन्द दवे व पूर्व सरपंच सुरेश राजपुरोहित ने भी संबोधित किया। इस दौरान इस दौरान व्यापार मंडल ब्लॉक अध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित, मुकंद दवे, मुल्तानमल आचार्य, सुरेश राजपुरोहित, रूपकिशोर अग्रवाल, नेहरूभाई सुथार, रमेश आचार्य, आशुसिंह दहिया, वस्तुपाल जैन, शंभुसिंह राजपुरोहित, सोनाराम चौधरी, वागाराम चौधरी, जेठूसिंह रेवतडा, जगाराम माली, वागाराम मेघवाल, हरिचंद्र वीराना, भोपसिंह राजपुरोहित, जबरसिंह राजपुरोहित, रमेश राजपुरोहित, थानसिंह थलवाड, प्रशांत रावल, विजय आचार्य, जगदीश राजपुरोहित, सांवलाराम तुरा समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रेमाराम देवासी का अभिनंदन किया

**जालोर,** (कासं)। बाबा रामदेवजी सेवा समिति जालोर की ओर से नवनियुक्त भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेमाराम देवासी का स्वागत अभिनंदन किया गया। सेवा समिति के मिश्रीमल ने बताया कि प्रेमाराम देवासी के मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर समिति के कार्यकर्ता द्वारा साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। एवं मुंह मीठा करवाकर उज्जवल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। अध्यक्ष देवासी ने समिति के पदाधिकारीयों का धन्यवाद आभार जताते हुए कहा कि संगङ्गन ने जो जिम्मेदारी दी उसको समर्पण भाव निभाने का प्रयास करूंगा। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की कोशिश करुंगा। इस मौके पर भाजपा ह्वक्चष्ट मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी, भैरुसिंह गुजर, रमेश देवासी ,चुनीलाल मांजू , सतबीर , सुमेर सिंह, रामलाल नारलिया, मसराराम देवासी, रिमाराम , नरेश जाट, आशाराम घांची, ईश्वर पुरी, अजीत , निखिल सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रोटरी क्लब का मेडिकल कैंप आज

**जालोर,** (कासं)। रोटरैक्ट क्लब जालोर युवा एवं भूतपूर्व सैनिक संस्थान जालोर, रोटरी क्लब जालोर के संयुक्त तत्वावधान में जालोर शहर में पहली बार आर्मी प्रायोजित मेडिकल केंप 8 जनवरी को सुबह 9बजे से दोपहर 4 बजे तक आर्मी सब एरीया जोधपुर की तरफ से इस मेडिकल केंप का आयोजन जैन बोर्डिंग जालोर में किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पवन ओझा ने बताया कि जिसमे स्त्री रोग विशेषज्ञ, एम डी विशेषज्ञ (फिजीशियंस) एवम् दंत रोग विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम अपने पूर्ण स्टाफ व उन्नत किस्म की मेडिकल टेस्ट मशीनरी से निशुल्क जांच की जायेगी। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक परिवार सहित आम जनता की उपस्थिति अपेक्षित रहेगी। आमजन से आग्रह है कि आप सभी अपने शरीर की पूर्ण जांच करवाने, निशुल्क उचित सलाह व परामर्श की सुविधा का लाभ लेने के लिए पहुंचे।

### 58 घरेलू गैस के सिलेंडर जब्त किए

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में घरेलू गैस की कालाबाजारी थमने का नाम नहीं ले रही है। देवनगर थाना पुलिस और रसद विभाग ने आज प्यारे मोहन चौराहे के पास एक मकान पर छापामार कर घरेलू गैस खेल सिलेंडर जब्त किए। मकान में अवैध तरीके से घरेलू गैस की टंकी का स्टॉक करके रखा गया था और रिफलिंग की जा रही थी। इसको लेकर लंबे समय से विभाग को शिकायत भी मिल रही थी। मौके से इलेक्ट्रॉनिक कांटा, गैस रिफलिंग का सामान आदि जब्त किया गया। एसीपी प्रताप नगर रविंद्र बोथरा ने बताया कि घरेलू गैस की कालाबाजारी को लेकर रसद विभाग के साथ मिलकर कार्रवाई की गई है। प्रवर्तन निरीक्षक, राधेश्याम दास ने बताया कि मौके से 58 घरेलू गैस के सिलेंडर जब्त किए गए हैं। इसके अलावा सिलेंडर में रिफलिंग करने का सामान इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी जब्त किए गए।

### शिक्षक लगाने की मांग, ताला जड़ा

**जोधपुर ,** (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मध्य पूर्व पुलिस चौकी गंगाणा लूणी में शिक्षक लगाने की मांग को लेकर मंगलवार को छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने स्कूल के गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में करीब 1100 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है। वर्तमान अधिशेष शिक्षकों के समायोजना में 14 शिक्षकों को यहां से हटाकर दूसरे विद्यालयों में लगा दिया गया है जिससे विद्यालय में शिक्षकों की कमी हो गई है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके खिलाफ आज आक्रोशित बच्चों ने सरकार व शिक्षा विभाग के विरूद्ध अन्याय करने का आरोप लगाकर नारेबाजी की। उन्होंने फर्स्ट ग्रेड के बीस शिक्षकों को स्कूल में लगाने की मांग की। बच्चों ने बताया कि वार्षिक परीक्षा आ रही है, बच्चें अपने पाठ्यक्रम किस प्रकार पूरा करेंगे।

### दो स्थानीय अवकाश घोषित

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर की अधिसूचना के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला एवं सेशन न्यायाधीश पूरण कुमार शर्मा ने न्याय क्षेत्र जैसलमेर स्थित समस्त न्यायालयों में कलेण्डर वर्ष 2025 के लिए दिनांक 14 जनवरी 2025, मंगलवार मकर संक्राति और 25 अगस्त, 2025 सोमवार को बाबा रामदेव मेला (भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया) के दो स्थानीय अवकाश घोषित किए है।

### सड़क सुरक्षा के नियम बताए

**पोकरण,** (कासं)। पोकरण में मंगलवार को सुबह राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के तहत परिवहन अधिकारी कैलाश शर्मा द्वारा केंद्रीय विद्यालय में पीपीटी के माध्यम से सडक सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों से प्रश्न उत्तर कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए सडक सुरक्षा की नियम कानून के बारे में जानकारी दी एवं प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### साधारण सभा की बैठक आज

**जालोर,** (कासं)। पंचायत समिति जालोर की साधारण सभा की बैठक प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में 9 जनवरी को जालोर क्लब के पास जिला पंचायत संदर्भ केन्द्र राजेन्द्र नगर जालोर होगी। जानकारी पंचायत समिति जालोर के विकास अधिकारी प्रदीप मायला ने दी।

# गरिमापूर्ण व उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाएं : डॉ. गावंडे

**जालोर,** (साबीर)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के.गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी के आयोजनार्थ तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर सम्बंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।




जालोर में कलैक्टर डॉ. प्रदीप के.गावंडे ने अधिकारियों की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन गरिमापूर्ण एवं उत्साह के साथ किया जावें।

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कार्मिकों के नाम जिला स्तरीय समारोह में सम्मानित होने के लिए निर्धारित आवेदन पत्र में संबंधित विभागीय अधिकारी की अनुशंषा कर भिजवाएं।

उन्होंने मुख्य समारोह स्थल शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम परिसर में चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई एवं शहर में रोशनी व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने गणतंत्र दिवस पर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए व्यायाम प्रदर्शन, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गैर नृत्य सहित विभिन्न कार्यक्रमों को आकर्षक एवं उत्साहपूर्वक मनाये जाने की बात कही। उन्होंने मार्च पास्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न तैयारियाँ निर्धारित तिथि से प्रारंभ किये जाने की बात कही।

मुख्य समारोह के उपरांत दोपहर में प्रशासन व नागरिक के मध्य क्रिकेट का मैत्री मैच खेला जायेगा साथ ही निर्देशानुरूप संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

बैठक में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, जालोर उपखण्ड़ अधिकारी मनोज चौधरी, तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता नारायणलाल सुथार, नगर परिषद के एटीपी शिवदान जांगिड़, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत, होमगार्ड के समादेष्टा मनोहरलाल, रसद विभाग की प्रवर्तन निरीक्षक नमिता नारवाल सहित गणतंत्र दिवस आयोजन से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# बाबा रामापीर की नगरी में सामाजिक समरसता यात्रा का शुभारंभ किया

**रामदेवरा/पोकरण,** (कासं)। लोक देवता बाबा रामदेव की धार्मिक नगरी रामदेवरा में मंगलवार को बाबा रामदेव सामाजिक समरसता यात्रा का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित कर यात्रा की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में सबसे पहले रामदेवरा के प्रवेश द्वार से यात्रा के रथ के साथ मोटरसाइकिल की रैली निकाली गई। पंचायत चौक तक कार्यक्रम स्थल तक रैली खत्म की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में बाबा की समाधी से यात्रा का कलश लाया गया और कार्यकम शुरू किया गया। इस कार्यक्रम में पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, आरएसएस के राष्ट्रीय प्रचारक निम्बाराम, रामदेवरा गादीपति राव भोमसिंह, रामदेवरा सरपंच समंदरसिंह सहित साधु संत और ग्रामीण लोग मंच पर मौजूद रहे।

कार्यक्रम में पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि करीब 650 वर्ष पूर्व विषम परिस्थितियों में बाबा रामदेव ने इस सामाजिक समरसता की शुरुआत की और आज फिर विश्व हिंदू परिषद बाडमेर के तत्वावधान में इस यात्रा की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य पथ पर चल कर अपना धर्म निभाना श्रेष्ठ है।

कार्यक्रम में बोलते हुए आरएसएस के राष्ट्रीय प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस हमेशा से हिंदुओं की एकता और अखंड भारत की बात करते है। उन्होंने कहा कि 1939 से आरएसएस की एक बैठक में बाबा साहब भी मौजूद थे। उसके बाद भंडारा के चुनाव में जब बाबा साहब अंबेडकर चुनाव लड रहे थे तब उनकी पार्टी का नाम दलित संगठन से था तब आरएसएस ने अंबेडकर का साथ दिया। जब वल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया तब अंबेडकर ने पटेल को कहा था कि आरएसएस अच्छा काम कर रहा है। निम्बाराम ने कहा कि आज जो राजनीतकि मंचों से बडी बडी डींगे हांकते है । उन्होंने बार बार बाबा साहब को हराने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रारंभ से अगर समरसता का व्यवहार और आचरण किसी ने किया है तो विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस ने किया है।

विश्व हिंदू परिषद बाडमेर विभाग मंत्री पवन वैष्णव ने जानकारी दी कि बाबा रामदेव सामाजिक समरसता यात्रा का शुभारंभ 7 जनवरी को रामदेवरा से हुआ है, जो सीमांत क्षेत्र के पोकरण, जैसलमेर, बाडमेर और बालोतरा जिलों से होते हुए 14 जनवरी को बालोतरा के जसोल धाम में समापन करेगी। जिला यात्रा संयोजक तनेराव सिंह ने बताया की इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोकदेवता बाबा रामदेव व संत महापुरूषो के समरसता के संदेश को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाकर हिन्दू समाज की एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है।

# अनुसूचित जाति के कल्याण कार्यों पर चर्चा की



राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक ने उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पाली में बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली,** (नि.सं.)। राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक ने आज मंगलवार को उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पाली में बैठक ली।

बैठक में उन्होंने अनुसूचित जाति के कल्याण के लिये संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और उसके लिये आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में सरकार द्वारा संचालित वि.भिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना, बैंकिंग योजना, पैकेज ऑफ प्रोग्राम योजना, ऑटो रिक्शा/ई रिक्शा योजना, व्यक्तिगत पंप सेट योजना, उन्नत नस्ल गाय भैंस योजना, मुद्रा ऋण योजना, राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम की ऋण योजना, अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिये दक्षता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करके अधिक से अधिक व्यक्तियों को लाभान्वित करने के बारे में आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं और उनके क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली और अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को लाभान्वित करने के बारे निर्देश दिये।

सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रानी जितेन्द्र सिंह सोनिगरा ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। महिपाल लालस सहायक सांख्यिकी अधिकारी ने अनुजा निगम योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया एवं समय समय पर आयोजित किए गए जागरूकता शिविरो की जानकारी दी व अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया

**पाली,** (नि.सं.)। 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की थीम परवाह के तहत पाली में दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। वाहन चालकों को बताया कि पास तीन लाइफ लाइन है सीट बेल्ट, हेलमेट स्पीड लिमिट रखी जाए।

शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा अभियान पाली कलेक्टर एलएन मंत्री, पुलिस अधीक्षक चूना राम जाट यातायात प्रभारी सरिता बिश्नोई के जोधपुर पाली हाईवे के संयुक्त तत्वावधान में आज यातायात पुलिस पाली स्टाफ के साथ सूरजपोल चौराहा, नहर पुलिया पे आम जन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया

इस मौके पर सैकड़ो वाहनों पर रेडियम स्टीकर लगाकर आम जन को जागरुक किया गया।

सीएसआर मैनेजर फिरोज़ ख़ान ने बताया कि सड़क सुरक्षा को चालान के डर से नहीं बल्कि मन से अपनाएं क्योंकि की आपके अपने सुरक्षित लौटने का इंतेजार कर रहे होते हैं।

मुख्य रूप से इस जागरूकता अभियान में ट्रेफिक पुलिस स्टाफ हेड कांस्टेबल श्रवण कुमार, सुखलाल, प्रदीप सिंह, कॉन्स्टेबल जितेन्द्र सिंह, दलपत कुमार सोनाराम सहित आम नागरिक उपस्थित रहे।

## ढाबे में गांजा, दुकानदार पकड़ा

**जोधपुर,** (कासं)। शहर की विवेक विहार पुलिस ने रेलवे फाटक के पास में चाय नाश्ते के ढाबे पर दबिश देकर वहां से अवैध रूप से गांजा बरामद कर दुकानदार को गिरफ्तार किया। बाद में उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जमानत पर रिहा कर दिया गया। दुकान से 32.79 ग्राम गांजा बरामद हुआ था।

थानाधिकार दिलीपसिंह ने बताया कि मुखबिरी सूचना मिली कि रेलवे फाटक के पास में मां आशापुरा टी स्टॉल एण्ड नाश्ता की दुकान है इस पर अवैध रूप से मादक पदार्थ बेचा जाता है।

# नाकाबंदी देख बाइक सवार भागा, एम.डी. ड्रग बरामद

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के निकटवर्ती बनाड़ थाना क्षेत्र में डिगाड़ी पुलिस चौकी के पास में की गई नाकाबंदी में एक बाइक सवार पुलिस को देखकर हड़बड़ा कर भाग गया। बाद में उसका पीछा कर पकड़ा गया और तलाशी ली गई। तलाशी में उसके पास से 91.76 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त से एमडी ड्रग के संबंध में अब पूछताछ की जा रही है। बरामद एमडी ड्रग लाख सवा लाख की होना बताया गया है। बनाड़ थाने के एसआई राजूराम ने बताया कि डिगाड़ी पुलिस चौकी के सामने नाकाबंदी की गई। संदिग्ध वाहनों की धरपकड़ की जा रही थी। तब एक बाइक सवार नाकाबंदी देखकर हड़बड़ा कर भाग निकला। इस पर उसका पीछा कर पकड़ा गया। युवक की तलाशी लिए जाने पर उसके पास से जेब में 91.76 ग्राम एमडी ड्रग मिली।

इस पर आरोपी युवक भोपालगढ़ के हीरादेसर निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू पुत्र कोजाराम जाट को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया। तफ्तीश थानाधिकारी प्रेमदान रत्नू की तरफ से की जा रही है।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ

**जालोर,** (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के अर्हता 1 जनवरी, 2025 के आधार पर द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश मेवाड़ा की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व मीडियाकर्मियों की उपस्थिति में जालोर जिले के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया।



जालोर में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश मेवाड़ा की अध्यक्षता में राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश मेवाड़ा ने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 7 जनवरी, 2025 तक जिले में 15 लाख 13 हजार 557 मतदाता हैं । जिनमें से 7 लाख 94 हजार 830 पुरूष व 7 लाख 18 हजार 727 महिला मतदाता है। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 29 अक्टूबर, 2024 (प्रारूप प्रकाशन) से 7 जनवरी, 2025 (अंतिम प्रकाशन) तक कुल 18683 पुरूष व 22352 महिला मतदाताओं का पंजीकरण किया गया। इस दौरान मतदाता सूची के अनुसार लिंगानुपात 897 से बढ़कर 904 हो गया।

मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के अनुसार जिले की आहोर विधानसभा (141) में कुल 2 लाख 80 हजार 601 मतदाताओं में 146542 पुरूष व 134059 महिला, जालोर विधानसभा (142) में कुल 3 लाख 3 हजार 793 मतदाताओं में 159628 पुरूष व 144165 महिला, भीनमाल विधानसभा (143) में कुल 3 लाख 20 हजार 867 मतदाताओं में 168792 पुरूष व 152075 महिला, सांचौर विधानसभा (144) में कुल 3 लाख 24 हजार 986 मतदाताओं में 171719 पुरूष व 153267 महिला एवं रानीवाड़ा विधानसभा (145) में कुल 2 लाख 83 हजार 310 मतदाताओं में 148149 पुरूष व 135161 महिला मतदाता है।

मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूचियों की हार्ड कॉपी (फोटो युक्त) एवं सॉफ्ट कॉपी (फोटो रहितं) उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर चुनाव शाखा के नायब तहसीलदार राजेश व्यास, भाजपा के मुकेश राजपुरोहित, सुरेश सोलंकी व सुदर्शन व्यास, कांग्रेस के रमेश सोलंकी सहित मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### पाली में कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन किया

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें पाली संभाग को यथावत बनाए रखने की मांग की। साथ ही कांग्रेसियों ने चेतावनी दी कि इस पर भाजपा सरकार ने अमल नहीं किया तो वे जनता के हित के लिए उग्र प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में कांठोसजन मौजूद रहे। प्रदर्शन से पूर्व सभी कांठोस भवन में एकत्रित हुए। फिर दोपहर करीब एक बजे रैली के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीज दर्द और विधायक भीमराज भाटी के नेतृत्व में रवाना हुआ। पूरे रास्ते बीजेपी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। फिर कलेक्ट्रेट के बाहर जमकर नारेबाजी की। उसके बाद जिला कलेक्टर के चैंबर के बाहर बैठ गए और बीजेपी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद अपनी मांग को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि पाली संभाग मुख्यालय में शामिल सिरोही, जालोर व सांचोर की जोधपुर से दूरी भी बहुत है। लोगों को संभाग स्तर के प्रशासनिक कार्यों के लिए जोधपुर जाने में परेशानी होती हैं। इसके बावजुद वर्तमान की भाजपा सरकार ने अविवेकपूर्ण निर्णय लेकर यहां की जनता के साथ अन्याय किया हैं। ज्ञापन सौंपते समय पाली शहर ब्लॉक अध्यक्ष जीवराज बोराना, नीलम बिड़ला, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या सांखला, महावीर सिंह सुकरलाई, शिशुपाल सिंह राजपुरोहित, जोगाराम सोलंकी, गोविंद बंजारा, प्रकाश सांखला, मेवाराम ओड, महबूब टी, हकीम भाई, यशपाल सिंह कुंपावत, भेराराम गुर्जर, राजू सिंह सुनाईमांझी, मांगूसिंह डुडवा, शकील अहमद नागौरी, भंवर राव, सुनिल रामावत, रफीक चौहान, आमीन अली रंगरेज सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अवैध बजरी के मामले में एक जना पकड़ा

**जालोर,** (कासं)। जालोर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को अवैध बजरी परिवहन के मामले में ट्रैवटर मय ट्रोली जब्त कर एक जने को गिरपतार किया। जालोर में अवैध खनन/निर्गमन/भण्डारण के विरुद्ध कार्यवाही व रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत जवाई नदी रतनपुरा रोड जालोर में अवैध रूप से बजरी खनन करते हुए एक बिना नम्बरी ट्रैक्टर मय ट्रोली पुलिस को देखकर टेक्टर चालक अवैध बजरी से भरा हुआ बिना नम्बरी ट्रैक्टर मय ट्रोली को छोडकर मौके से फरार हो गया जिस पर अवैध बजरी से भरा हुआ ट्रैक्टर मय ट्रोली को जब्त किया। वाहन चालक सुरेश कुमार पुत्र लकमाराम माली निवासी जालोर की तलाश है। कोतवाली पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में सांयकालिन गश्त के दौरान एक व्यक्ति पंचवटी हनुमान मन्दिर के पास नंगी धारदार तलवार लेकर घुम रहा है जिस पर हितेन्द्रसिह पुत्र दौलतसिह जाति रावणा राजपुत उम्र 24 साल निवासी बाकरा रोड पीएस बागरा हाल राजेन्द्र नगर जालोर के कब्जे से जब्त की जाकर अभियुक्त के विरूद्व आर्म्स एक्ट पुलिस थाना कोतवाली में प्रकरण पंजिबद्व किया गया। एवं अभियुक्त से अनुसंधान जारी है।

### ए.डी.जे. ने रैन बसेरे का निरीक्षण किया

**भीनमाल,** (निसं)। शहर के बस स्टेंड व अंबेडकर सर्किल पर नगरपालिका द्वारा संचालित रैन बसेरे का मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) राजेंद्र साहू द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे में सफाई व्यवस्था बेहद खराब पाई गई। वहीं अंबेडकर सर्किल पर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर थानाधिकारी रामेश्वरलाल भाटी को ट्रैफिक व्यवस्था सुधार को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। एडीजे साहू ने बताया कि रैन बसेरे में पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। वहीं कई सालों से प्याऊ बंद पडी है। रैन बसेरे के पास बने शौचालय की कोई साफ सफाई नहीं है। इससे कई तरह की बीमारियां फैलने का अंदेशा रहता है। अम्बेडर सर्किल पर स्नानघर की कोई सुविधा नहीं थी और रेन बसेरे के शौचालय बंद थे। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे का रजिस्टर भी जांचा गया। कई कमियां पाई गई। रैन बसेरे में फर्स्ट ऐड बॉक्स जैसी आवश्यक सुविधाएं भी वहां उपलब्ध नहीं थी। एडीजे साहू ने कहा कि नगरपालिका की जिम्मेदारी है कि आश्रय लेने वाले लोगों को सर्दी में कंबल की व्यवस्था भी करवाएं।

### उत्सव दवे कार्यकारिणी सदस्य बने

**भीनमाल,** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जोधपुर प्रान्त का 60 वां प्रांत अधिवेशन पाली में हुआ। जिसमें प्रांत अध्यक्ष डॉ हीराराम ने प्रांत कार्यकारिणी की घोषणा की। स्थानीय निवासी उत्सव दवे को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। उत्सव दवे अभी नगर मंत्री के दायित्व पर है। इसके साथ ही मोनिका चौधरी को प्रांत कार्यसमिति सदस्य एवं कृष्णा पटेल को प्रांत कला मंच सह संयोजक बनाया गया। अधिवेशन में प्रांत भर से 1100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिवेशन में उत्तर पश्चिम क्षेत्रीय संगठन मंत्री अश्विनी शर्मा, प्रांत संगठन मंत्री उपमन्यु सिंह राणा, विभाग संगठन मंत्री पवन एचरा समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण लोग कटनी जाएंगे

**पाली,** (नि.सं.)। 18 जनवरी शनिवार को कटनी (मध्य प्रदेश) मे कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, पाली का प्रतिनिधिमंडल जायेगा। समाज के अध्यक्ष जयशंकर त्रिवेदी ने बताया कि अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा,कानपुर का राष्ट्रीय अधिवेशन 18 व 19 जनवरी को कटनी ( मध्य प्रदेश) मे आयोजित होगा जिसमे राष्ट्रीय मंत्री त्रिवेदी व अन्य सभी पदाधिकारियो को शपथ दिलाई जाएगी। 19 जनवरी को शादी के 50 वर्ष पूर्ण करने वाले वृध्द-युगल का सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा।

### मेघवाल समाज की क्रिकेट प्रति. हुई

**रेवदर,** (निसं)। मेघवाल समाज धवली द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 में में कुल 40 टीमों ने भाग लिया। मंडार व धवली के बीच फाइनल मैच खेला गया। मैच में मंडार विजेता रहा और धवली उपविजेता रहा। धवली के कप्तान सुरेश कुमार परिहार मैन ऑफ द सीरिज रहे।